# ...एक 'विद्यालय' ऐसा भी, जो बिना 'छात्र' और 'गुरुजी' के चल 'रहा'

## यह वही स्कूल है, जहां पर एमडीएम का साज क्विंटल अनाज सड़ गया

- ❖ 11 बीघा सरकारी जमीन पर बने विधालय को गांव वालों ने सरकारी स्कूल घोषित करने की उठाई आवाज
- ❖ तीन साल से विभाग ने भी नहीं लिया संज्ञान, कोटेदार के पास पड़ा अनाज
- ❖ कालेज की मान्यता को बचाने के लिए हो रहा खेल

तेजयुग न्यूज

**बस्ती।**....क्या आप ने कभी सुना और पढ़ा है, कि कोई विद्यालय बिना छात्र और शिक्षकों के भी संचालित हो सकता है। वैसे शिक्षा विभाग में कोई भी चीज अंसभव नहीं हैं, तभी तो पिछले तीन वर्ष से एक कालेज कागज में संचालित हो रहा है। कालेज में शिक्षक और छात्र एक भी नहीं हैं। एक बाबू और अनुचर की तैनाती तो हैं, मगर वह महीने में एक-दो दिन हाजिरी लगाकर पूरे माह का वेतन उठा रहे हैं। यह विधालय 11 बहघा सरकारी जमीन पर स्थापित हैं, इसी लिए गांव वाले इस विद्यालय को सरकारी विद्यायलय घोषित करने की मांग कर रहे है। फिर भी विभाग और प्रशासनिक अधिकारी अंजान है। यह वही विद्यालय है, जहां पर 24 क्विंटल एमडीएम का अनाज प्रधान के घर पड़ा हुआ है, जिसमें सात क्विंटल से अधिक अनाज सड़ गया।



इस अजूबे विद्यालय का नाम हैं, राम पार्षद शास्त्री इंटर कालेज, यह कुदरहा ब्लॉक के मेहनौना में स्थित है। यहां पर तीन वर्ष से शिक्षक की तैनाती नहीं हुई है। एक साल से नामांकन भी शून्य है। जूनियर तक यह विद्यालय एडेड है। कक्षा नौ से इंटर तक मान्यता प्राप्त है। 1967 के आसपास इस विद्यालय की स्थापना हुई थी। जूनियर हाईस्कूल तक की मान्यता वर्ष 1983 में मिली थी। उसके बाद 1986 में हाईस्कूल की मान्यता मिली। इंटर तक की मान्यता 2006 में प्राप्त हुआ। शुरुआती दौर में इस विद्यालय में बच्चों की संख्या ठीक ठाक रही। मान्यता मिलने के साथ धीरे धीरे बच्चों की संख्या बढ़ती गई। वर्ष 2005 तक लगभग 800 बच्चे पंजीकृत रहे। एक प्रधानाध्यापक, 13 शिक्षक, एक बाबू व तीन अनुचर सहित कुल 18 का स्टाफ था। शिक्षकों की सेवानिवृत्त के साथ ही बच्चों की संख्या भी घटती चली गई। वर्ष 2021 से इस विद्यालय में एक भी शिक्षक तैनात नहीं हुए। दो वर्ष तक उधारी के शिक्षक के भरोसे विद्यालय संचालित होता रहा।

नामांकन का दबाव व पोर्टल पर छात्र विवरण अपलोड की व्यवस्था शुरू हुई तो वह भी किनारा कस लिए। उसके बाद जो गिनती के छात्र थे वह भी गायब हो गए। बाबू शेषनाथ पांडेय व अनुचर राम जनक कभी कभार हाजिरी लगाने आते हैं। विद्यालय में शिक्षकों की तैनाती न होने से बच्चों से गुलजार रहने वाला विद्यालय धीरे धीरे वीरान हो गया। कक्षा छह से आठ के बच्चों के लिए मिलने वाला मिड-डे-मिल का राशन तीन साल कोटेदार के यहां डंप है। जब उपभोग के अनुसार विद्यालयों का खाद्यान्न भेजा जाता है, तो इतनी बड़ी मात्रा में खाद्यान्न डंप कैसे हो गया। जब कोटेदार इसकी सूचना अधिकारियों को दी तो वह खाद्यान्न भेजना बंद कर दिए लेकिन उसके उपभोग की कोई व्यवस्था नहीं बना पाए। जिससे राशन सड़ने लगा। मेहनौना के कोटेदार चंद्रभान पाल ने बताया कि जब राशन उनके यहां डंप होने लगा तो वह एक वर्ष इसकी जानकारी जिला समन्वयक एडीएम को दी। दूर पास में विद्यालय फिर भी जाना पड़ रहा है इस विद्यालय के संचालन के समय यहां के छात्र छात्राओं को काफी सहूलियत मिली थी। शिक्षक विहीन विद्यालय होते ही यहां पठन पाठन का कायं बंद हो गया। जिससे सबसे अधिक समस्या क्षेत्र छात्र-छात्राओं को होने लगी है।

पास में विद्यालय होने के बाद भी इन्हें दूर दराज के विद्यालयों में जाना पड़ता है। कोरोना काल में शासन की ओर से शत प्रतिशत एमडीएम का खाद्यान्न भेजने का निर्देश था। तत्कालीन छात्र संख्या के अनुसार भेजा जा रहा था। विद्यालय खुलने के बाद वहां छात्र संख्या नाम मात्र की रह गई। जिसकी वजह से राशन डंप हो गया। वर्तमान में विद्यार्थियों की संख्या शून्य है।

# भाकियू भानू के कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा

मोहमद रईस

**पचपेड़वा (बलरामपुर):** भारतीय किसान यूनियन भानु के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष बृजेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में विकासखंड पचपेड़वा क्षेत्र के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित 10 बिंदुओं का ज्ञापन खंड विकास अधिकारी पचपेड़वा को सौंपा। क्षेत्र की गंभीर समस्याओं पर किसान यूनियन ने आंदोलन करने की चेतावनी दी है।



क्षेत्र में अधिक संख्या में घूम रहे छुट्टा जानवरों से किसान परेशान है इस संबंध में ठोस कदम उठाया जाए जिससे किसानों का फसल सुरक्षित रहे। किसानों को एम एस पी की गारंटी दी जाए। चंदनपुर अयोध्या मार्ग का अवशेष कार्य, पचपेड़वा से जैतापुर के मध्य चौड़ीकरण का कार्य अति शीघ्र कराया जाए जिससे आवागमन सुलभ एवं दुर्घटना से सुरक्षित हो सके। किसान यूनियन ने कहा क्षेत्र के लोगों द्वारा मार्ग चौड़ीकरण की मांग वर्षो से अनवरत की जा रही है। पचपेड़वा को तहसील बनाने के लिए क्षेत्र के लोगों द्वारा कई वर्षो से निरंतर मांग किया जा रहा है जबकि पचपेड़वा तहसील के सभी मानकों को पूरा करता है। पचपेड़वा रेलवे स्टेशन पर मुंबई जाने वाली गाड़ियों का ठहराव कराया जाए क्योंकि यह क्षेत्र अति पिछड़ा एवं जनजाति बहुल क्षेत्र होने के कारण बहुत अधिक संख्या में लोग अन्य प्रदेशों में रोजगार के लिए आते जाते हैं।

सरयू नहर को पचपेड़वा क्षेत्र के छोटी-छोटी नहरों से जोड़ा जाए जिससे क्षेत्र के किसानों को खेतों करने में सिंचाई आसानी से हो सके। पचपेड़वा नगर क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं को हर माह बिजली बिल न मिलने के कारण बिजली उपभोक्ताओं पर कई वर्षो का बोझ हो जाता है जिससे काफी लंबे अवधि का बिल एक बार आने से उपभोक्ताओं के लिए भुगतान करना बोझ बन जाता है बिजली बिल हर महीना उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया जाए।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा में जांच सीबीसी अल्ट्रासाउंड बलगम जांच मशीनों की व्यवस्था की जाए साथ ही दवाइयों की भारी कमी रहती है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हर सुविधा के साथ दवा उपलब्ध कराया जाए जिससे मरीजों को बाहर कहीं भटकना न पड़े।भारतीय किसान यूनियन भानू के जिला अध्यक्ष बृजेश विश्वकर्मा ने कहा यदि सरकार किसानों की मांग पूरी नहीं करती है तो भविष्य में किसान नेशनल हाइवे जाम करने पर मजबूर रहेंगे।भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ताओं ने पचपेड़वा विद्युत उप केंद्र के सामने जाम कर नारेबाजी किया। इस अवसर पर मोहम्मद आलम खान,नज़र मोहम्मद सिद्दीक़ी, सद्दाम कुरैशी, क्षेत्र के सैकड़ों किसान उपस्थिति रहे।

# बस की टक्कर से साईकिल सवार की मौत

तेजयुग न्यूज

**महराजगंज तराई (बलरामपुर)/ पंकज मिश्र:** स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत परसपुर के पास सड़क पार कर रहे साइकिल सवार को प्राइवेट बस के जोरदार टक्कर मार देने से अधेड़ की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।हरैया से बलरामपुर को सुबह 7बजे प्राइवेट बस जा रही थी।परसपुर गांव के पास साइकिल सवार ननके यादव पुत्र बाबूराम यादव अपने घर से भरिया गांव जा रहे थे। तभी सड़क पार करते समय प्राइवेट बस ने साइकिल सवार को रौंद दिया। बस चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। गांव के लोगों में आक्रोश व्याप्त है । पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है।थाना प्रभारी गिरिजेश तिवारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। छानबीन की जा रही है।

# बलरामपुर नगर के लिए तीन करोड़, साठ लाख, बेयालिस हजार स्वीकृति

## नगरीय विकास अभिकरण डूडा द्वारा निविदा प्रक्रिया आरम्भ अतिशीघ्र निर्माण : चेयरमैन धीरू सिंह

तेजयुग न्यूज

**बलरामपुर।** आदर्श नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने बताया कि नगर के चौमुखी विकास के लिए नगरीय विकास अभिकरण डूडा द्वारा नगर के विभिन्न वार्डो में सीसी रोड नालियों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी है जिसमें मोहल्ला तुलसी पार्क में निदान हॉस्पिटल के सामने से स्वाति श्रीवास्तव के घर होते हुए विनोद शर्मा के घर के सामने से प्रमोद श्रीवास्तव के घर होते हुए अबरार आलम के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु 27 लाख 86 हजार,मोहल्ला भगवतीगंज में में रोड से प्रवीण गुप्ता होते हुए पानी टंकी से रवि गुप्ता के मकान होते हुए उतरौला रोड तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य हेतु 38 लाख 42 हजार, मोहल्ला तुलसी पार्क में बजरंगी गुप्ता के घर से रंगनाथ दुबे के घर होते हुए डॉक्टर प्रमोद श्रीवास्तव के घर तक सीसी




रोड निर्माण कार्य हेतु 19 लाख 68 हजार, नगर पालिका परिषद बलरामपुर में वार्ड बस स्टेशन वार्ड में अनिल सिंह के मकान के पास बलरामपुर बहराइच मार्ग से भारत टेलर के दुकान होते हुए महुआ कोठी के पास से रोडवेज तिराहा तक सीसी रोड नाली निर्माण हेतु 52 लाख 7 हजार,मोहल्ला खालवा वार्ड नंबर 12 अजीत त्रिपाठी के घर से लड्डू तिवारी के घर से होते हुए रामजमन पांडे के घर तक सीसी रोड नाली निर्माण कार्य 25 लाख 34 हजार,मोहल्ला भगवतीगंज में शंभू गुप्ता के घर से मोहम्मद हनीफ के घर से शशांक जायसवाल के घर से होते हुए मेंन रोड तक सीसी रोड निर्माण कर 56 लाख 70 हजार,मोहल्ला पहलवारा ननकू सिंह के घर से दीपू गुप्ता के घर होते हुए देवराज सिंह के घर तक सीसी रोड नाली निर्माण कार्य हेतु 31 86 हजार,मोहल्ला तुलसी पार्क में डॉक्टर सतीश होम्योपैथिक क्लीनिक से गुलाब सिंह के घर से होते हुए शारदा पब्लिक स्कूल तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कर खेत 27 लाख 44 हजार,मोहल्ला तुलसी पार्क में अशोक गुप्ता के घर से रवि माथुर के घर होते हुए विनोद राव के घर तक सीसी रोड नाली निर्माण हेतु 20 लाख 82 हजार,मोहल्ला तुलसी पार्क में जेपी तिवारी के घर से मा अरोड़ा के घर होते हुए रमेश पांडे के घर तक सीसी रोड नाली निर्माण कार्य तथा 18 लाख 15 हजार,मोहल्ला भगवती गंज में मुरारी लाल के घर से शंभू लाल के घर से प्रभाती लाल के घर तक सीसी रोड का निर्माण कार्य 23 लाख 20 हजार,मोहल्ला तुलसी पार्क में डॉक्टर कैलाश सिंह के घर से सेंटलॉरेंस स्कूल होते हुए मेंन रोड तक सीसी रोड का निर्माण कर 18 लाख 25 हजार स्वीकृति है जिसका टेंडर प्रक्रिया चल रही है अतिशीघ्र कार्य आरम्भ होगा।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

मोहमद रईस

**पचपेड़वा (बलरामपुर):** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर विजय कुमार एवं डॉ गयासुद्दीन खान के द्वारा आंखो की जांच कैंप का आयोजन किया गया। इसमें आए हुए मरीजों के आंखो की जांच की गई। कुसुम, खुशबू, पुष्पा, दुर्गावती, अंशु, आराधना, साधना, आदि बच्चियों के आंखों का जांच कर उन्हें चश्मा दिया गया । इस अवसर पर इसराफिल सिद्दीकी, रवि कुमार आरबीएस, अनीस अहमद बीपीएम आदि लोग मौजूद रहे।



# बेमौसम बारिश की मार, किसान हुए लाचार!

## किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसानों से काटा जाता है फसल बीमा का प्रीमियम नहीं मिल रहा है क्षतिपूर्ति

कौशल पाण्डेय

**गोण्डा ।** जिले में बेमौसम बारिश की मार से किसान लाचार हो गये है।किसानों के गाढ़ी कमाई की गेहूँ की फसल बरसात और हवा से गिरकर तबाह हो गयी है।हर साल बैंकों से केसीसी धारक किसानों से प्रधान मंत्री फसल बीमा का पैसा तो वसूला जा रहा है परंतु किसानों को क्षति पूर्ति दिलाने में बैंक और सरकार फिसडडी साबित हो रही है।

बेमौसम बारिश की कहर से जिले सहित देवी पाटन मंडल के चारों जिलों के किसान कराह रहे हैं क्योंकि उनके सालों की गाढ़ी मेहनत की कमाई फसल गेहूँ, सरसों,पर बेमौसम बारिश और ओला तबाह कर गया।अब किसानों के सामने आजीविका कि संकट उत्पन्न हो गया है।बैंकों से किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत केसीसी धारक किसानों से फसल बीमा के नाम पर बीमा प्रीमियम तो काट लिया जाता है।परंतु इस तरह से दैवी आपदा आने पर किसानों उसकी क्षति पूर्ति दिलाने में बैंक और सरकार फिसडडी साबित हो रहे हैं।



बेमौसम बारिश की मार से किसान लाचार हो गये हैं।उनकी गाढ़ी कमाई की गेहूँ की फसल बरसात और हवा और ओले से गिरकर तबाह हो गयी है।खेतों में पानी भरा है।गिरी हुई फसल खेतों में सड़ रही है।किसानों की फसल तबाह होने फसल बीमा का लाभ नहीं मिल पा रहा है।जिले के किसानों ने सरकार से फसल बीमा का लाभ दिलाने की मांग की है।

# हत्याकांड के नामजद अभियुक्त के घर पुलिस ने चिस्पाया इस्तेहार

**बगहाः** पुलिस जिला के नौरंगिया थाना पुलिस ने हत्याकांड के नामजद अभियुक्त के घर न्यायालय के आदेश पर रविवार को इस्तेहार चिस्पाया है। नौरंगिया थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि हत्याकांड के मुख्य अभियुक्त सलाउद्दीन अंसारी के घर जरलहिया में नौरंगिया थाना के पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में इस्तेहार चिस्पाया गया है। उन्होंने बताया कि हत्याकांड के नामजद अभियुक्त लगभग एक बर्ष से फरार है, तथा पुलिस को चकमा देकर छुप कर रह रहा है। अभियुक्त सलाउद्दीन अंसारी के आत्म समर्पण ससमय नहीं करने पर न्यायालय ने संज्ञान लिया है। तथा अभियुक्त के घर इस्तेहार चिस्पाने की आदेश दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि न्यायालय के आदेश के आलोक में रविवार को नौरंगिया थाना के पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में हत्याकांड के नामजद अभियुक्त सलाउद्दीन अंसारी के घर जरलहिया गांव में इस्तेहार चिस्पाया गया।

# मामा के घर गये इंटर कालेज के प्राचार्य की गोली मारकर हत्या, दो नामजद, एक गिरतार



कौशल पाण्डेय

**गोण्डा ।** जिले के थाना छपिया थाना क्षेत्र में अपने मामा के घर मेहमान नवाजी करने गये एक इण्टर कालेज के प्राचार्य की गोली मारकर हत्या कर दी गयी।जिसमे दो लोग नामजद किये गये हैं।एक नामजद की गिरफ्तारी कर पुलिस पूंछताछ कर रही है।मामला जिले थाना छपिया थाना क्षेत्र के चांदारती गाँव की घटना है जहां सी डी यादव इण्टर कालेज के प्राचार्य दिनेश यादव उम्र 45 बर्ष बीती रात अपने मामा के घर दुकान पर बाहर अपने मामा के लडको को साथ सो रहे थे कि रात को 1बजे गोली मारकर हत्या कर दी गयी। जिसमें मृतक के परिजनों ने दो लोगों को नामजद किया है। जिसमें पुलिस ने एक नामजद को गिरफ्तार कर लिया है पूछताछ कर रही है।

एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि घटना में परिजनों द्वारा नामजद एक व्यक्ति को दबोच लिया गया है।दूसरे की तलाश जारी है। गांव के लोगों का कहना है मृतक प्राचार्य दिनेश यादव से नामजद लोगों की कहासुनी हो गयी थी। जिसके प्रतिशोध में प्राचार्य दिनेश यादव के अपने मामा के घर आने पर घटना को अंजाम दिया। पुलिस अन्य सभी पहलुओं पर विवेचना कर रही है।इस घटना से पूरे गाँव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। पीड़ित परिवार के करूण क्रुन्दन से पूरा गांव कराह रहा है। मौके पर कानून व्यवस्था कायम है। स्थिति तनाव पूर्ण किन्तु नियंत्रण में है।

# नशा के शिकार बन रही युवा पीढ़ी, शासन-प्रशासन है बेखबर

**सुगौली, पू. च :** थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित नशे की हालत में एक युवक रोड़ के किनारे गिरा-पडा रहता है, और प्रशासन इससे बेखबर रहती है। वहीं थाना से महज एक किलोमीटर की दूरी पर एक युवक व्हाइट नार लिक्विड का सेवन कर नशे की हालत में गिरते-उठते बेखौफ होकर



गाली-गलौज करतें हुए सरकार से दारु की भट्टी खोलवाने की बात कहा है। साथ ही यह भी कहता कि दारु से महंगा हमको वाइटनर खरीदने में पैसा लगता है। युवक इतने नशे में था, कि उसे यह भी पता नहीं चल रहा है कि वह क्या कह रहा है। राहगीरों द्वारा पूछे-जाने पर किसी को गाली-गलौज करने में थोड़ा सा भी हिचक नहीं रहा है। वहीं इसकी सूचना पत्रकार द्वारा थाना के सरकारी दूरभाष नं 9431822900 पर पूलिस कर्मी को कॉल कर के इस युवक की हरकत के बारे में कहा जाता है,वही आने की बात तो पुलिस के द्वारा कही जाती है पर समय पर इस बात को अनसुना कर के टाल देती है।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने की आगंतुकों की जनसुनवाई

कौशल पाण्डेय

**गोण्डा ।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर जनसुनवाई कर आगंतुकों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उनके त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने जनसुनवाई की। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आये लोगों की भारी भीड़ लगी रही।इस अवसर पर भारी तादाद में मौजूद लोगों की शिकायतों को सुनकर उसे सुलझाने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी गोण्डा ने अपने मातहतों को तत्काल प्रभाव से निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर जिले के दूर दराज़ के ग्रामीण इलाकों से आये लोगों की शिकायतों को सुनकर उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया।

